25 / 02 / 2026 आकाशवाणी भोपाल 7.10पीएम

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री का इजराइल में जोरदार स्वागत; प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ खास मुद्दों पर होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीण बहनों के उत्पादों के लिए शुरू की आजीविका एक्सप्रेस।
- किसान 7 मार्च तक करा सकते हैं गेहूँ बेचने के लिए पंजीयन-₹2585 प्रति क्विंटल मिलेगा दाम।
- कोलंबो में आज न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच सुपर-8 का मुकाबला जारी ।

प्रधानमंत्री- इस्राइल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज इस्राइल के दो दिन के दौरे पर तेल अवीव पहुंचे। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने हवाई अड्डे पर बेन्यामिन नेतन्याहू और सारा नेतन्याहू द्वारा स्वागत करने पर अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे द्विपक्षीय चर्चाओं में शामिल होने और ऐसे सार्थक परिणाम प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं जो भारत-इस्राइल मित्रता को और मजबूत करेंगे।

कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में 'आजीविका विपणन क्षमतावर्धन कार्यशाला ' का भव्य शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'आजीविका एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई और इंडिया पोस्ट के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू साझा किया, जिससे अब ग्रामीण बहनों के उत्पाद देश के कोने-कोने तक पहुँचेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ग्वालियर के 'आजीविका मार्ट' और जबलपुर एयरपोर्ट पर नए आउटलेट का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। डॉ. यादव ने गर्व के साथ बताया कि प्रदेश की 12 लाख से अधिक बहनें अब 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई देने के लिए सरकार ने इस बार बजट में भी 26 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि की है।

मुख्यमंत्री- दीनदयाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज चित्रकूट स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। अवसर था राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि का। मुख्यमंत्री ने नानाजी को नमन करते हुए कहा कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के महान साधक थे।नानाजी के उस मूल मंत्र को याद करते हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'भारत की आत्मा गाँवों में बसती है', मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार गाँवों को सशक्त कर राष्ट्र निर्माण के उनके संकल्प को पूरा कर रही है। 1991 में स्थापित चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय आज भी शिक्षा और स्वावलंबन की मिसाल बना हुआ है।

कृषि विज्ञान मेले

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के पूसा कृषि विज्ञान मेले में आज किसानों के हित में बड़े संकेत दिए हैं। मंत्री जी ने कहा कि सरकार अब फर्टिलाइजर सब्सिडी का पैसा सीधे किसानों के खातों में डालने पर विचार कर रही है, ताकि बिचौलियों पर लगाम लगे। नकली बीज और कीटनाशकों पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने राज्यों को ऐसे दोषियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।श्री चौहान ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में Reform Express चल रही है।

साथ ही, उन्होंने 'भारत विस्तार' नामक नए AI प्लेटफॉर्म की शुरुआत की, जहाँ किसान फसल की फोटो भेजकर बीमारी और इलाज की तुरंत जानकारी पा सकेंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि मोदी सरकार के कृषि समझौते पूरी तरह किसानों के हित में हैं।

रक्षामंत्री- स्वदेशी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार के दृढ़ संकल्प पर बल दिया, जिससे स्थानीय उत्पादन और निर्यात दोनों को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने इस परिकल्पना को साकार करने में भारतीय राजनयिकों की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की। नई दिल्ली में भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों

को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों के प्रमुख आयातक से लेकर निर्यातक बनने तक का लंबा सफर तय कर चुका है।

## रेल मंत्रालय- साइबर धोखाधड़ी

रेल मंत्रालय ने पेंशनधारियों को साइबर धोखाधड़ी के प्रति सतर्क किया है तथा रेल अधिकारियों के रूप में धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों से भी सावधान रहने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा कि कुछ साइबर जालसाज रेल अधिकारियों के नाम पर फर्जी फोन कॉल कर रहे हैं और एसएमएस या व्हाट्सएप संदेश भेज रहे हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि वह पेंशन भुगतान आदेश या सेवा रिकॉर्ड अपडेट करने के लिए कोई लिंक या संदेश नहीं भेजता है।

## भगोरिया

झाबुआ के भगोरिया मेलों में इस बार केवल रंग और उल्लास ही नहीं, बल्कि जागरूकता की बयार भी बह रही है। कलेक्टर के निर्देशन में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत मेलों में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है। इन नाटकों के जरिए ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन ने अपील की है कि परंपराओं के इस उत्सव में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को कोई जगह न दें और इसकी सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। आइए, अपनी बेटियों को शिक्षित कर समाज को सशक्त बनाएं।

## गेहूँ पंजीयन

प्रदेश में रबी सीजन के लिए गेहूँ पंजीयन का काम तेजी से जारी है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक 4 लाख 42 हजार से अधिक किसान अपना पंजीयन करा चुके हैं। केंद्र सरकार ने इस बार गेहूँ का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले साल से 160 रुपये ज्यादा है। किसान 7 मार्च तक अपनी नजदीकी सहकारी समिति या सुविधा केंद्र पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री योग पुरस्कार

आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह पुरस्कार व्यक्तियों और संस्थान की दो श्रेणियों में दिया जाएगा। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। आवेदन जमा

करने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। पात्र व्यक्ति और संस्थान राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

दिव्यांगजन क्रिकेट खेल

भोपाल के नेहरू नगर पुलिस लाइन ग्राउंड में इन दिनों हौसलों की गूँज सुनाई दे रही है। यहाँ 22 से 26 फरवरी तक 'राष्ट्रीय दिव्यांगजन क्रिकेट खेल महोत्सव–2026' का रोमांच जारी है। मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव ने खिलाड़ियों के बीच पहुँचकर उनका उत्साह बढ़ाया और इसे समाज में समानता का एक बड़ा संदेश बताया।

क्रिकेट

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्वकप में आज ग्रुप-2 के सुपर आठ मुकाबले में न्यूज़ीलैंड और श्रीलंका आमने सामने हैं। यह मैच कोलंबो में खेला जा रहा है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर xsanckth का फैसला लिया है। इससे पहले, कल इंग्लैंड ने पाकिस्तान को ग्रुप-2 के सुपर आठ मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया। इंग्लैंड ने 135 रन का लक्ष्य 5 गेंद शेष रहते आठ विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

कुछ समाचार संक्षेप में -----

- शहडोल जिले में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों कs 91.51 प्रतिशत कार्ड बनाए जा चुके हैं।
- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना अंतर्गत अंसगठित श्रमिको dh पेंशन योजना के लिए पंजीयन अभियान द्वितीय चरण ग्रामीण चलाया जा रहा है।
- राजगढ़ में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक दिवसीय ऑफलाइन मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन dy किया जाएगा।
- अशोकनगर जिले के ग्राम पंचायत जलालपुर में आज संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलस्टर लेवल कैम्प आयोजित किया गया।
- श्योपुर में आम नागरिकों को होली से पूर्व प्राकृतिक रंग उपलब्ध कराने के लिए एनआरएलएम द्वारा 27 एवं 28 फरवरी को श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में दो दिवसीय आजीविका होली मेले का आयोजन किया जा रहा है।

- कृषकों की आय वृद्धि, उन्नत तकनीकों के प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह मिलेट मिशन मेला का शुभारंभ आज गुना में किया गया।

-----------------------------